**सहयोग** | टीबी मरीजों की मदद के लिए कलेक्टर की पहल से 415 निक्षय मित्र बने सहारा, पांच लाख रूपए का सहयोग

# मरीजों के लिए पर्याप्त पोषण बेहद महत्वपूर्ण

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने जब स्वयं 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों के पोषण की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प लिया, तो यह पहल धीरे-धीरे प्रशासन की सीमा से निकलकर समाज के दिल तक पहुंच गई। कलेक्टर की पहल से प्रेरित होकर शासकीय कर्मचारी, समाजसेवी और उद्योगपति एक-एक करके आगे आए। किसी ने एक मरीज की जिम्मेदारी उठाई, किसी ने कई मरीजों के पोषण की चिंता की। देखते ही देखते 415 लोग 'निक्षय मित्र' बन गए और करीब 5 लाख रुपए की सहयोग राशि जिला रोगी कल्याण समिति को मिल चुकी है। टीबी से जूझ रहे मरीज के लिए उपचार के साथ पर्याप्त पोषण भी बेहद महत्वपूर्ण है। इसी जरूरत को समझते हुए कलेक्टर के निर्देश पर उपचाररत मरीजों को




पोषणयुक्त फूड बास्केट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जब यह फूड बास्केट किसी मरीज तक पहुंचती है तो उसके साथ एक अनकहा संदेश भी पहुंचता है, 'बीमारी से लड़ाई आपकी अकेली नहीं है हम आपके साथ हैं। इस अभियान में उद्योग विभाग ने 70 मरीजों के लिए 84 हजार रुपए, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन ने 38 मरीजों के लिए 45,600 रूपए, इंडस्ट्री विभाग ने 50 मरीजों के लिए 60 हजार रुपए तथा पीआईयू एवं पीडब्ल्यूडी ने 25 मरीजों के लिए 30 हजार रुपए का सहयोग दिया। आबकारी और पंजीयन विभाग ने 35-35 मरीजों के लिए 42-42 हजार रुपए, परिवहन विभाग ने 50 मरीजों के लिए 60 हजार रुपए और फेयर फूड ओवरसीज प्रा.लि. ने 51 मरीजों के लिए 61,200 रूपए की सहयोग राशि दी। विद्युत विभाग, बरही तहसील, मानव जीवन विकास समिति बिजौरी, उद्यानिकी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अनेक संस्थाओं ने भी अपनी सहभागिता निभाई। इन आंकड़ों को केवल राशि के रूप में देखना इस पहल की असली कहानी को छोटा कर देगा। हर राशि के पीछे किसी मरीज के लिए बढ़ा एक हाथ है। टीबी उन्मूलन की लड़ाई में स्वास्थ्य विभाग उपचार की जिम्मेदारी निभा रहा है। लेकिन इस अभियान ने यह साबित किया है कि बीमारी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत बनाने में समाज की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। दवा उपचार देती है, पोषण शरीर को ताकत देता है और अपनत्व मरीज के मन में लड़ने का हौसला जगाता है। यही तीनों मिलकर टीबी के विरुद्ध कटनी की लड़ाई को नई ताकत दे रहे हैं। कलेक्टर का स्वयं निक्षय मित्र बनना इस अभियान की शुरुआत भर थी। इसके बाद शासकीय अमले, समाजसेवियों और उद्योग जगत का आगे आना बताता है कि संवेदनशील नेतृत्व जब समाज को साथ लेकर चलता है तो एक छोटी पहल भी बड़े अभियान का रूप ले सकती है। आज करीब 5 लाख रुपए की सहयोग राशि से कहीं बड़ी पूंजी कटनी के पास है— मानवीय संवेदना की पूंजी। टीबी मुक्त भारत का सपना केवल सरकारी प्रयासों से पूरा नहीं होगा। इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता, उपचार, पोषण और सामाजिक सहयोग जरूरी है। कटनी में 415 निक्षय मित्रों ने इस दिशा में उम्मीद के 415 दीप जलाए हैं। इन दीपों की रोशनी में शायद कोई मरीज फिर से अपने परिवार के बीच स्वस्थ जीवन की ओर लौटेगा। किसी घर में चिंता कम होगी। किसी बच्चे को अपना माता-पिता फिर स्वस्थ नजर आएगा।



## जनप्रतिनिधियों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**होटल में हुआ जिला स्तरीय मन की बात कार्यक्रम का आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण का प्रदेश स्तरीय सामूहिक श्रवण कार्यक्रम रविवार को कटनी के मुड़वारा मंडल के बूथ क्रमांक-66 अंतर्गत होटल सत्कार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और काफी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को एक साथ सुना। इस आयोजन का संगठन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव प्रसारण भी किया गया, जिससे राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व भी जुड़ा। कार्यक्रम में सांसद विष्णु दत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, वरिष्ठ नेता रामरतन पायल, अलका जैन, सुखदेव चौधरी, सुनील उपाध्याय, कार्यक्रम प्रभारी रवि खरे सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्वप्रथम कारगिल विजय दिवस का उल्लेख करते हुए देश के वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है तथा यह ऐसी तिथि है जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं की प्रतिभा और उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्र विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

### एक नजर में



#### पौड़ी खुर्द में 29 को मनाया जाएगा पूर्णिमा महोत्सव

**नवभारत, उमरियापान।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को ग्राम पोंड़ी खुर्द स्थित पूज्य गुरुदेव मानवेंद्र प्रसाद पौराणिक के निज निवास पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर श्रद्धालु अपने गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा ज्ञान, भक्ति और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे । इस पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, गुरु पूजन एवं आशीर्वचन का आयोजन होगा। पूज्य गुरुदेव मानवेंद्र प्रसाद पौराणिक ने समस्त भक्तजनों से गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सपरिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है ।

#### महिला से गाली-गलौज

**नवभारत, कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत पड़वार निवासी एक महिला से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने गांव के ही धर्मेंद्र उर्फ लल्लू दाहिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## गंदगी फैलाने पर आठ दुकान संचालकों पर जुर्माना

**स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर की गई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** नगर को स्वच्छ, साफ-सुथरा बनाए रखने और स्वच्छता नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की स्वच्छता टीम ने जोन क्रमांक-2 के बस स्टैंड क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास के में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों और दुकानों के आसपास कचरा, गंदगी पाए जाने पर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले 7 दुकानदारों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई।



प्रत्येक पर 200 रुपए हिसाब से 1400 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास डोमिनोज पिज़्ज़ा दुकानदार गंदगी पाए जाने पर 1000 रुपए के जुर्माने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे कचरा डस्टबिन में रखें,खुले में न फेकें, नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन आने पर कचरा वाहन में ही दें। अधिकारियों ने कहा कि अपनी दुकानों के आसपास नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखें। स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नगर निगम ने व्यापारियों से कहा है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन कर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ कटनी के निर्माण में अपनी सहभागिता दें।

## पुलिस ने मानसिक रूप से कमजोर लापता युवती को परिजनों को सौंपा

**पुलिस ने सक्रिय कार्रवाई का दिया परिचय**

**नवभारत, बाकल ।** जिले के बाकल थाना क्षेत्र के बस स्टैंड में बैठी मिली मानसिक रूप से कमजोर युवती को पुलिस ने उसके परिजनों को सौंपा है। युवती जबलपुर जिले की रहने वाली है। बाकल थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि 23 जुलाई की रात्रि स्थानीय लोगों ने थाना पहुंचकर सूचना दी कि बाकल बस स्टैंड पर एक मानसिक रूप से कमजोर युवती बैठी हुई है, जिसके पास एक बैग भी रखा था। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर तत्काल हमराह स्टाफ को मौके पर भेजकर तस्दीक कराई गई। इसके बाद युवती को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहोरीबंद में भर्ती



कराया गया। पुलिस ने युवती की पहचान और परिजनों का पता लगाने के लिए मोबाइल फोन एवं अन्य माध्यमों से पतासाजी की। जांच के दौरान युवती की पहचान करने के बाद उसके पुलिस ने जबलपुर जिले में रहने वाले उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर युवती के परिजन बहोरीबंद पहुंचे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने युवती को उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवती मानसिक रूप से बीमार है और पिछले चार-पांच दिनों से घर से लापता थी।

बेटी के सकुशल मिलने पर उन्होंने बाकल पुलिस की संवेदनशीलता और मानवीय कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी, प्रधान आरक्षक शिव सिंह, प्रधान आरक्षक सूरलाल ऊईके औरप पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम की तत्परता, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण के चलते युवती की पहचान कर उसे सकुशल उसके परिजनों से मिलाया जा सका। पुलिस के इस मानवीय और संवेदनशील प्रयास की सराहना की जा रही है।

## तीर्थ यात्रियों का नगर परिषद में फूल-मालाओं से किया गया स्वागत

**नगर निगम परिषद अध्यक्ष ने किया सम्मान**

**नवभारत, विजयराघवगढ़।** जिले के विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे के नेतृत्व में शनिवार को तीर्थ दर्शन योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों का जत्था वृंदावन के लिए रवाना हुआ।

रवाना करने से पहले नगर परिषद कार्यालय में विधिवत



कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष श्रीमती दुबे ने सभी यात्रियों का टीका लगाकर, फूल-मालाओं से स्वागत किया। साथ ही उन्हें यात्रा टिकट, पहचान पत्र और रास्ते के लिए स्वल्पहार वितरित किए। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष हरी ओम बर्मन, पार्षद सरोज साहब लाल, एल्डरमैन राकेश पांडे, महेंद्र तांकार, विधायक कार्यालय प्रभारी संता विश्वकर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को वृंदावन, मथुरा सहित अन्य धार्मिक स्थलों की नि:शुल्क यात्रा कराई जा रही है।

## आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले छात्रों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**उमरियापान में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन**

**नवभारत, उमरियापान।** दिल्ली के जंतर-मंतर में कथित नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर हुए छात्र आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उमरियापान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दिवंगत छात्रों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की



आवश्यकता पर जोर दिया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। छात्रों के भविष्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता युवाओं का विश्वास कमजोर करती है। वक्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की मांग उठाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता शिवकुमार चौरसिया, पूर्व सांसद प्रतिनिधि बंशरूप चौरसिया, सुखदेव चौरसिया, मदन चौरसिया, चंदू चौरसिया, सरपंच अटल ब्यौहार, जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक, सुनील पाठक, सिद्धार्थ दीक्षित, विराट पांडे, सुनील पटेल, नरेंद्र चौरसिया, दम्मी चौरसिया, पोटे चौरसिया, संजय चौरसिया, बंटू तिवारी, नमन चौरसिया, स्वतंत्र चौरसिया, मिकी चौरसिया, लकी चौरसिया और गया मांझी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के अंत में उपस्थित जनों ने दिवंगत छात्रों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की ।

## पुरानी रंजिश के कारण युवक पर जानलेवा हमला

**नवभारत, कटनी।** जिले के स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धरवारा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर खज्जू चौधरी पर गांव के ही 6 दबंगों ने एकराय होकर हमला बोल दिया। आरोपी काशीराम चौधरी, दिनेश उर्फ महेश चौधरी, बल्लू चौधरी, दीपक चौधरी, राजा उर्फ राकेश चौधरी और सुरेंद्र चौधरी ने एकमत होकर गाली-गलौज करते हुए लाठी और लोहे की रॉड से खज्जू चौधरी पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

**बैठक** | कलेक्टर ने की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, जवाबदेही से कार्य करने के दिए निर्देश

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, अच्छा कार्य करने पर होगा सम्मान

**नवभारत, कटनी।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, जवाबदेह और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मैदानी अमले को दो टूक निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाते हुए स्वास्थ्य सूचकांकों में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित करें। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहन और सम्मान मिलेगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन और लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने उच्च



जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की समय पर पहचान, उपचार और सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के साथ स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की लगातार उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। नवविवाहित दंपत्तियों के विवाह पंजीयन और हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज पूरा कराने के लिए जनपद स्तर पर प्रत्येक 15 दिवस में काउंसलिंग शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इन शिविरों की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक सोमवार को होने वाली समय-सीमा बैठक में की जाएगी। कलेक्टर ने बहोरीबंद विकासखंड के कुंआ प्रसव केन्द्र को प्रभावी रूप से संचालित करते हुए प्रतिमाह कम से कम 5 प्रसव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कारोपानी प्रसव केन्द्र में पदस्थ एएनएम शशि ठाकुर द्वारा आदेशों की अवहेलना पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कार्य की समीक्षा कर प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रसव केन्द्र केवल भवन या संसाधनों तक सीमित नहीं रहें, बल्कि वहां नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए। जिले में संचालित 108 एम्बुलेंस सेवाओं की समीक्षा के दौरान उपकरणों की कमी और रखरखाव में लापरवाही के संबंध में प्रतिवेदन राज्य स्तर पर भेजने के निर्देश दिए गए। एम्बुलेंस के विलंब से पहुंचने की शिकायतों पर भी वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराने को कहा गया। कलेक्टर ने 108 एम्बुलेंस जिला समन्वयक संतोष दुबे द्वारा बीएमओ सहित विकासखंड स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों के फोन अटेंड नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने वीएचएनडी दिवस पर ही पूर्ण टीकाकरण की शत-प्रतिशत पोर्टल एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार दस्तक अभियान में बहोरीबंद, रीठी और विजयराघवगढ़ विकासखंडों की कम प्रगति पर जवाबदेही तय करते हुए संबंधित अधिकारियों से जल्द डाटा प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, सहायक कलेक्टर श्लोक वायकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।













